भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 480
जिसका उत्तर शुक्रवार, 04 फरवरी, 2022 को दिया जाना है

वकीलों के निवास पर पुलिस की तलाशी

480.**श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी :**

क्या **विधि और न्याय मंत्री** बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ बार काउंसिलों ने सरकार को वकीलों के निवास तथा कार्यालयों की पुलिस द्वारा बार-बार अवैध तलाशी लेने तथा ऐसी तलाशी लेने पहले विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया का उल्लंघन किए जाने के विरुद्ध लिखा है ; और

(ख) यदि हां, तो 2014 के बाद से आज की तिथि तक तत्संबंधी ब्यौरा क्या और इस संबंध में राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र -वार क्या कार्रवाई की गई हैं ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख) : गृह मंत्रालय ने सूचित किया है कि पुलिस और कानून व्यवस्था संविधान की 7वीं अनुसूची की सूची -2 के विषय हैं और उनके द्वारा उन विषयों पर इस प्रकार का कोई डाटा नहीं रखा जाता है ।

****